# न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, भीलवाड़ा

**(पीठासीन अधिकारी राकेश कुमार आर0ए0एस0)**

**प्रकरण संख्या – 03/2018 प्रार्थना पत्र धारा 6ए**

| | | |
|---|---|---|
| सरकार जरिये अमरेन्द्र कुमार मिश्र, प्रवर्तन अधिकारी, भीलवाडा | बनाम | 1. अमित कुमार पुत्र रामनरेश आत्रे निवासी पोस्ट ऑफिस के पास , हुरडा मालिक अंशिपा ऑटोमोबाईल गुलाबपुरा तहसील हुरडा जिला भीलवाडा |
| –प्रार्थी | | –विपक्षी |

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 6 ए आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955**

उपस्थित –

1. विभागीय पेरोकार – प्रार्थी की ओर से
2. विपक्षी अधिवक्ता – उपस्थित

## निर्णय

दिनांक 25.03.2019

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना–पत्र अतंर्गत धारा 6 ए आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 का विपक्षी के विरूद्ध प्रस्तुत कर यह निवेदन किया गया कि जिला रसद अधिकारी भीलवाडा के आदेश क्रमांक 13 दिनांक 03.04.2018 के क्रम में दिनांक 12.04.2018 को अमरेन्द्र कुमार मिश्र प्रवर्तन अधिकारी, रवि जाधव प्रवर्तन अधिकारी, सुश्री योगिता कंवर प्रवर्तन निरीक्षक जिला रसद कार्यालय द्वारा अंशिपा ऑटोमोबाईल गुलाबपुरा का औचक निरीक्षण किया गया तो मौके पर अमित आत्रे निवासी हुरडा मिले। जिन्होनें स्वयं को अंशिपा ऑटोमोबाईल गुलाबपुरा का मालिक होना बताया। मौके पर दो 14.2 किग्रा. वाले घरेलू गैस सिलेण्डर व 01 गैस रिफिलिंग मशीन मिले। मौके पर आरोपी द्वारा उल्लेखित सिलेण्डरों के कागजात पेश नही किये गये। गैस सिलेण्डरों एवं गैस रिफिलिंग मशीन की बरामदगी से स्पष्ट होता है कि विपक्षी द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डरों से वाहनों में अवैध रूप से घरेलू गैस की रिफिलिंग की जाकर उसका व्यावसायिक उपयोग किया जाता है। इस प्रकार विपक्षी द्वारा द्रवित पेट्रोलियम गैस का अवैध भण्डारण एवं गैर कानूनी ढंग से वाहनों में रिफिलिंग एवं घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक उपयोग कर द्रवित पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 के प्रावधानों का उल्लघंन किया जाकर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत दण्डनीय अपराध किया जाना पाया गया। अतः मौके से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर मय 25.6 किग्रा द्रवित पेट्रोलियम गैस, 01 गैस रिफिलिंग मशीन जब्त सरकार किया जाकर श्री कुमार अरोडा पुत्र राधेश्याम अरोडा निवासी आदर्श नगर

कॉलोनी भीलवाडा रोड गुलाबपुरा हाल मैनेजर राजेश गैस सर्विस गुलाबपुरा को सुपुर्दगी में दिये गये। चूंकि आरोपी द्वारा एल.पी.जी. ऑर्डर 2000 के प्रावधानों का उल्लंघन किया जाकर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत दण्डनीय अपराध किया है। जिससे जब्तशुदा 2 घरेलू गैस सिलेण्डर मय 25.6 किग्रा द्रवित पेट्रोलियम गैस, 01 गैस रिफिलिंग मशीन को राजसात करने का आदेश फरमावें।

प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 08.05.2018 को पंजीबद्व किया जाकर विपक्षी को वज़ह जाहिर हेतु नोटिस जारी किया गया।

विपक्षी अधिवक्ता द्वारा जवाब प्रस्तुत किया गया ।

प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर बहस सुनी गयी । दौराने बहस प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र के तथ्यों को दोहराया एवं कार्यवाही संबंधी पत्रादि के संदर्भ में निवेदन किया कि जिला रसद अधिकारी भीलवाडा के आदेश कमांक 13 दिनांक 03.04.2018 के क्रम में दिनांक 12.04.2018 को अमरेन्द्र कुमार मिश्र प्रवर्तन अधिकारी, रवि जाधव प्रवर्तन अधिकारी, सुश्री योगिता कंवर प्रवर्तन निरीक्षक जिला रसद कार्यालय द्वारा अंशिपा ऑटोमोबाईल गुलाबपुरा का औचक निरीक्षण किया गया तो मौके पर अमित आत्रे निवासी हुरडा मिले। जिन्होनें स्वयं को अंशिपा ऑटोमोबाईल गुलाबपुरा का मालिक होना बताया। मौके पर दो 14.2 किग्रा. वाले घरेलू गैस सिलेण्डर व 01 गैस रिफिलिंग मशीन मिले। मौके पर आरोपी द्वारा उल्लेखित सिलेण्डरों के कागजात पेश नही किये गये। गैस सिलेण्डरों एवं गैस रिफिलिंग मशीन की बरामदगी से स्पष्ट होता है कि विपक्षी द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डरों से वाहनों में अवैध रूप से घरेलू गैस की रिफिलिंग की जाकर उसका व्यावसायिक उपयोग किया जाता है। इस प्रकार विपक्षी द्वारा द्रवित पेट्रोलियम गैस का अवैध भण्डारण एवं गैर कानूनी ढंग से वाहनों में रिफिलिंग एवं घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक उपयोग कर द्रवित पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 के प्रावधानों का उल्लघंन किया जाकर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत दण्डनीय अपराध किया जाना पाया गया। मौके से 2 घरेलू गैस सिलेण्डर मय 25.6 किग्रा द्रवित पेट्रोलियम गैस, 01 गैस रिफिलिंग मशीन जब्त सरकार किया जाकर श्री कुमार अरोडा पुत्र राधेश्याम अरोडा निवासी आदर्श नगर कॉलोनी भीलवाडा रोड गुलाबपुरा हाल मैनेजर राजेश गैस सर्विस गुलाबपुरा को सुपुर्दगी में दिये गये। चूंकि आरोपी द्वारा एल.पी.जी. ऑर्डर 2000 के प्रावधानों का उल्लंघन किया जाकर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत दण्डनीय अपराध किया है। जिससे जब्तशुदा 2 घरेलू गैस सिलेण्डर मय 25.6 किग्रा द्रवित पेट्रोलियम गैस, 01 गैस रिफिलिंग मशीन को राजसात करने का आदेश फरमावें।

बहस पर मनन किया गया। पत्रावली एवं दस्तावेजात का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया । पत्रावली में उपलब्ध दस्तवेजात एवं विपक्षी द्वारा स्वयं पर्चा मौका (फर्द जब्ती व सुपुर्दगी) पर हस्ताक्षर किये एवं गैस रिफिलिंग का जुर्म स्वीकार किया । इस प्रकार विपक्षी द्वारा अवैध एवं अनाधिकृत रूप से वाहनों में घरेलू गैस की रिफिलिंग का कार्य किया जाकर एल.पी.जी. आर्डर 2000 के प्रावधानों का उल्लंघन किया जाकर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध

किया जाना सिद्ध होने से प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर जब्त सरकार किये गये 2 घरेलू गैस सिलेण्डर मय 25.6 किग्रा द्रवित पेट्रोलियम गैस, 01 गैस रिफिलिंग मशीन को राजसात किया जाना युक्तियुक्त है। अतएव –

## आदेश

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6 ए के अंतर्गत स्वीकार किया जाता है एवं जब्त सरकार किये गये 2 घरेलू गैस सिलेण्डर मय 25.6 किग्रा द्रवित पेट्रोलियम गैस, 01 गैस रिफिलिंग मशीन को राजसात किये जाने के आदेश पारित किये जाते हैं। निर्णय की प्रति जिला रसद अधिकारी भीलवाडा को प्रेषित की जावे। जिला रसद अधिकारी भीलवाडा उक्त 2 घरेलू गैस सिलेण्डर मय 25.6 किग्रा द्रवित पेट्रोलियम गैस, 01 गैस रिफिलिंग मशीन का अन्तिम निस्तारण कर राशि जमा करा पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करें ।

निर्णय आज दिनांक 25.03.2019 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो ।

(राकेश कुमार)
अतिरिक्त जिला कलक्टर
भीलवाड़ा

न्यायालय अति. जिला कलेक्टर भीलवाड़ा (राज.)